हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 26 मई 2025

तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

14 लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती की जयंती पर ...



12 आईटी पार्क के लिए एमओयू की तैयारी नंदिनी ...





## खबर संक्षेप

### शराब के लिए पैसे न मिलने पर युवक ने की आत्महत्या

**गुण्डरदेही।** ग्राम चिचबोड़ में एक शादीशुदा 22 वर्षी युवक ने अपने ही घर मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना शुक्रवार शाम की बताई गई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक जितेन्द्र कुमार पटेल पिता रामाधार पटेल 22 वर्ष अपनी मां व पत्नी के साथ घटना के दिन गांव मे ही काम करने गया था। शाम को घर आने के बाद अपनी मां व पत्नी को शराब पीने के लिए पैसे मांगे नही देने पर दोनो से वाद–विवाद हुआ। उसके बाद युवक अपने कमरे मे जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक युवक का नौ महिने पहले लव मैरिज मे शादी हुआ था। पिता भी दस साल पहले गुजर गए थे।

### पत्नी से मारपीट की, पति के खिलाफ मामला दर्ज

**बालोद।** गुण्डरदेही ब्लाक के एक गांव मे निजी स्कूल की शिक्षिका से मारपीट का मामला सामने आया है। शिक्षिका की रिपोर्ट पर रनचिरई थाने मे उनके पति के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार 33 वर्शिय शिक्षिका ने जानकारी दी है कि शनिवार को सुबह 8:30 बजे घर के आंगन मे थी। इस दौरान पति शराब पीकर आया और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ, मुक्का से मारपीट की। गले को पकड़कर दीवार मे धक्का दिया। जिससे चोट लगी है। जेठ, जेठानी, सास ने बीच बचाव किया।

### बाइक ट्रांसफार्मर से भिड़ी अधेड़ घायल

**बालोद।** गुण्डरदेही मुख्यालय से 3 किलोमीटर दूर ग्राम टेकापार तालाब किनारे ट्रांसफर के पास बाईक की टक्कर से सोनित लाल जांगड़े 50 वर्श घायल हो गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोपेन्द्र कुमार जांगड़े ने बताया कि शुक्रवार को शाम 5:30 बजे बड़ा भाई सोनित लाल जांगड़े के साथ टहलने पैदल स्कूल तरफ गए थे। शाम 5:45 बजे तालाब किनारे ट्रांसफार्मर के पास टेकापार से चैनगंज की ओर जा रही बाईक ने सोनित को टक्कर मार दी। घुटना, हाथ, कोहनी मे चोट लगने पर कार से शासकीय अस्पताल गुण्डरदेही मे भर्ती कराए। गुण्डरदेही थाने मे बाईक चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### अहिल्याबाई की जयंती पर आज होगी परिचर्चा

**बालोद।** लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर जी की 300 जन्म जयंती के अवसर पर घनश्याम सिंह गुप्त शासकीय महाविद्यालय बालोद में परिचर्चा का कार्यक्रम 26 मई को शासकीय महाविद्यालय सभागार मे सुबह 11:30 बजे से आयोजित किया गया है। परिचर्चा के तत्पश्चात कुछ दिन पूर्व की गई घोषणा को पूरा करते हुवे आवश्यकता अनुरूप महाविद्यालय में वाटर कूलर का शुभारंभ किया जाएगा। जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, निवृतमान जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू, नगर पालिका के अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी उपस्थित रहेंगे। साथ ही साथ जनभागीदारी अध्यक्ष अमित चोपड़ा एवं समस्त जन भागीदारी सदस्य उपस्थित रहेंगे।

### शनिदेवजी की जयंती पर कल करेंगे साफ-सफाई

**बालोद।** ग्राम नेवारीकला मे मंगलवार 27 मई को शनिदेव जी की जयंती का आयोजन बाजार चौक स्थित शनिदेव जी के मंदिर मे किया गया है। जिसमे ग्रामीणो द्वारा एक दिन पहले मंदिर प्रांगण के आस पास स्वच्छता अभियान चलाकर आस पास के परिसर को स्वच्छ किया जाएगा। वही शनि जयंती के अवसर पर सुबह से ही विधि विधान से पूजा अर्चना का कार्यक्रम प्रांरभ हो जाएगा। जहां पूजा अर्चना के बाद ग्रामीणो द्वारा प्रसादी का वितरण किया जाएगा। जिसमे ग्रामीणो की सहभागिता रहेगी। यह जानकारी दिलीप सोनकर ने दी।

# दल्लीराजहरा बना जुआ-सट्टे का अड्डा, पुलिस मौन, अपराधियों के हौसले बुलंद

## पुलिस की ढुलमुल कार्यप्रणाली और खानापूर्ति वाली कार्रवाई से जनता परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहर

दल्लीराजहरा नगर इन दिनों अपराधियों के लिए 'स्वर्ग' बनता जा रहा है। दल्लीराजहरा शहर के कोने-कोने में खुलेआम सट्टा और जुए का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है, और हैरानी की बात यह है कि सब कुछ पुलिस की नाक के नीचे हो रहा है। जहां एक ओर आम जनता अपराध की बढ़ती घटनाओं से भयभीत है, वहीं दूसरी ओर सट्टेबाजों और जुआरियों के हौसले दिन-ब-दिन बुलंद होते जा रहे हैं। इस बढ़ते अपराध का सबसे बड़ा कारण है – पुलिस की ढुलमुल कार्यप्रणाली और खानापूर्ति वाली कार्रवाई। दल्लीराजहरा स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शिकायत के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता। पुलिस कभी-कभी औपचारिक दबिश देती है, मगर वह भी 'पर्दे के पीछे' सब तय होने के बाद ही। नतीजा यह होता है कि कुछ 'छोटे-मोटे' लोगों को पकड़कर कार्रवाई का दिखावा किया जाता है, जबकि असली सट्टा माफिया पुलिस की पकड़ से बाहर ही रहता है।

**क्या मिलीभगत है पुलिस और अपराधियों में ?:** सवाल यही उठता है कि क्या यह सब बिना पुलिस की जानकारी के हो रहा है? क्या सट्टा-जुआ माफिया को 'अंदरखाने' से संरक्षण मिल रहा है? जनता के बीच यह चर्चा आम हो चली है कि पुलिस और अपराधियों के बीच एक 'समझौता' है, जिसमें आम जनता पिस रही है।

### दल्लीराजहरा जनता की मांग : हो निष्पक्ष और कड़ी कार्रवाई

अब जनता चाहती है कि जिले के उच्चाधिकारी इस मामले का संज्ञान लें और निष्पक्ष जांच के साथ कठोर कार्रवाई करें। सिर्फ दिखावे की खानापूर्ति नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर सट्टा-जुआ के अड्डों को नेस्तनाबूद किया जाए और दोषियों को सलाखों के पीछे भेजा जाए-चाहे वह कोई भी हो।




### समाप्ति नहीं, शुरुआत है यह लड़ाई की

यह सिर्फ एक खबर नहीं, बल्कि उस पीड़ा की आवाज है जो दल्लीराजहरा की गलियों में गूंज रही है। जब तक पुलिस अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाती, तब तक यह आवाज बुलंद होती रहेगी।

### शिकायत पर फौरन होगी कार्रवाई

नगर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर चित्रा वर्मा कहती हैं की अवैध कार्य जुआं ,सटटा के खिलाफ में लगातार कार्रवाई जारी है ,अगर कोई जानकारी है तो हमें बताएं ,नाम गोपनीय रखा जाएगा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## क्रमोन्नत वेतनमान के जनरल आदेश जारी करने, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा की गणना करने की मांग

# युक्तियुक्तकरण नीति के खिलाफ में शिक्षक संघ ने 28 को मंत्रालय घेराव की चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद



शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों और शिक्षकों के किए जा रहे युक्तियुक्तकरण के विसंगति पूर्ण नीति के विरोध में एवं सोना साहू प्रकरण अनुसार क्रमोन्नत वेतनमान के जनरल आदेश जारी करने, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन सहित अन्य लाभ व पदोन्नति में बीएड की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर प्रदेश के शिक्षक 28 मई को मंत्रलय नया रायपुर का घेराव करेंगे।

- प्रशिक्षित बेरोजगारों को रोजगार से वंचित करने का एक प्रयास

प्रदेश के 23 प्रमुख शिक्षक संगठन का साझा मंच सर्व शिक्षक मंच के बैनर तले उक्त प्रदर्शन किया जाएगा। सबसे ज्यादा नाराजगी शिक्षकों में युक्तियुक्तकरण की विसंगतिपूर्ण नीति से है। सेटअप 2008 राज्य शासन द्वारा अधिकृत राज्य के कर्मचारियों के लिए शिक्षा विभाग और स्कूलों के लिए मूल रूप से बनाया गया है। फिर शिक्षा विभाग सेटअप 2008 से हटकर शिक्षा के अधिकार कानून की व्याख्या करने पर आमादा क्यो है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष दिलीप साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के वित्त विभाग द्वारा अधिकृत और स्वीकृत सेटअप 2008 के अनुसार ही पूरे प्रदेश के शिक्षा विभाग और शिक्षकों का पद स्वीकृत किया गया है एवं वेतन आहरण किया जा रहा है इसके आधार पर ही वित्तीय व्यवस्था संचालित की जा रही है फिर भी शिक्षा विभाग युक्तियुक्तकरण के मामले में सेटअप को दरकिनार कर केवल और केवल शिक्षा के अधिकार कानून की आड़ में प्रदेश भर के प्राथमिक शाला और पूर्व माध्यमिक शाला में शिक्षकों के एक–एक पद कम करने का प्रयास कर रहा है।43839 प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओ में 1 – 1 पद सेटअप 2008 से कम कर समाप्त किया जा रहा है, यह प्रयास सफल नहीं होने दिया जाएगा क्योंकि सेटअप छत्तीसगढ़ के शिक्षा विभाग और शिक्षा विभाग के कर्मचारी व शिक्षकों के लिए बनाया गया है उसी सेटअप के आधार पर ही पदस्थापना की गई है उसे अब किनारे करते हुए जानबूझकर शिक्षकों को अतिशेष घोषित किया जा रहा है।

### प्रदेश में 53000 पद रिक्त है

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष दिलीप साहू, प्रदेश संगठन सचिव बीरबल देशमुख, जिला संयोजक रामकिशोर खरांशु, कामता प्रसाद साहू, जिला उपाध्यक्ष शिव शांडिल्य, वीरेंद्र देवांगन, पवन कुमार जोशी, कांति लाल चंदेल, नीलेश देशमुख, जिला सचिव नरेंद्र साहू, जिला कोषाध्यक्ष पवन कुम्भकार ने बताया कि राज्य शासन के कर्मचारी शिक्षक वर्ग है उन्हें शिक्षा के अधिकार कानून के तहत शिक्षकों की तैनाती के लिए राष्ट्रीय औसत को याद दिलाया जा रहा है छत्तीसगढ़ शासन व शिक्षा विभाग को यह ध्यान रखना चाहिए कि छत्तीसगढ़ के शिक्षकों व कर्मचारियों को न तो केंद्रीय वेतनमान मिलता है न ही केंद्र के समान कर्मचारियों के बराबर एरियर्स दिया जा रहा है न ही केंद्र के समान कर्मचारियों के बराबर महंगाई भत्ता देय तिथि से दिया जा रहा है जब शिक्षक व कर्मचारी सुविधा को छोड़ा गया हैं तो छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बनाए गए सेटअप का पालन क्यों नहीं कर रहे हैं।सीधी सी बात है प्रदेश में 53000 पद रिक्त है ऐसे पदों की पूर्ति वर्तमान में करना न पड़े, प्रशिक्षित बेरोजगारों को रोजगार से वंचित करने का एक प्रयास है। ▸▸| शेष पेज 13 पर

# नौतपा के प्रथम दिन अंचल में चली आंधी व हुई बारिश



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

25 मई को नौतपा के पहले दिन दल्लीराजहरा नगर और उसके आस-पास के क्षेत्रों में मौसम सामान्य रहा। दिन भर का तापमान सामान्य स्तर पर बना रहा, जबकि कुछ समय के लिए हल्की बारिश और तेज हवा के साथ आंधी का सामना भी करना पड़ा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि यह हल्की बारिश और आंधी, मौसमी परिवर्तन का संकेत है, जो आगामी दिनों में बढ़ सकती है। नगरवासियों ने आंधी-तूफान के बीच राहत की सांस ली, क्योंकि तापमान में कोई खास बढ़ोतरी नहीं देखी गई। हालांकि, यह मौसम परिवर्तन पूरे क्षेत्र में किसानों के लिए लाभकारी हो सकता है, जो अपने खेतों में पानी की कमी से जूझ रहे थे।

स्थानीय मौसम केंद्र के अनुसार, आगामी कुछ दिनों में बारिश और ठंडी हवाओं के साथ तापमान में और कमी आ सकती है, जिससे गर्मी में राहत मिलने की संभावना है। मौसम विभाग ने नागरिकों को आंधी-तूफान से सतर्क रहने की सलाह दी है।

दल्लीराजहरा नगर में कुछ जगहों पर हल्की बर्फीली बारिश और तेज हवाओं ने लोगों को मौसम की अप्रत्याशित चाल का अहसास कराया, लेकिन इस मौसम परिवर्तन से राहत की उम्मीद भी जताई जा रही है।

# नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद समेत अफसरों ने वार्डों का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुण्डरदेही



नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन उपाध्यक्ष विजय सोनकर, नगर पंचायत सीएमओ किरण पटेल, सब इंजीनियर रूपेश सिंह राठिया, सफाई दरोगा मनीष मिश्रा व पार्षदों ने नगर का निरीक्षण किया।

जिसमें जनता के मूलभूत सुविधा जिसमें नाली सड़क बिजली पानी से संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने बताया कि बरसात आने से पहले सभी बड़े नालों नालियों की साफ सफाई करने के निर्देश दिए हैं ताकि बरसात में कोई दिक्कत ना हो नालियों में कचरा जाम हो जाने से गंदा पानी सड़कों में बहने लगता है उससे पहले पूरे बड़ी नालियों की साफ सफाई के लिए बीस अतिरिक्त कर्मचारी लगाकर सफाई करने के निर्देश दिए। नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों द्वारा रोज पूरे नगर पंचायत के सभी वार्डों में नालियों की सफाई साथ ही चौक चौराहो में भी साफ सफाई करके कचरे को उठाया जा रहा है, रोज सफाई कर्मचारी सभी वार्डों में घूम कर कचरा इकट्ठा कर रहे। जिन वार्डो में पानी टंकी लगाया गया है वहां रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाने नलों में पानी बेवजह बह रहा वहां स्टॉपर लगा कर नलों को बंद करने एवं जिन वार्डो में आर सीसी नाली बनाने का काम चल रहा उसको बरसात से पहले पूरा करने के लिए ठेकेदार को निर्देशित किया गया है।

### फरार आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**भिलाई।** मध्य प्रदेश की शराब लाकर छत्तीसगढ़ में खपाए जाने के ढाई साल पुराने मामले में फरार आरोपी को धमधा पुलिस ने पकड़ा। आरोपी भट्ठी थाना अंतर्गत सेक्टर-2 निवासी हरपाल सिंह उर्फ गब्बर सिंह पिता उत्तम सिंह उम्र 28 साल बताया गया है। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। मामले में दो अन्य आरोपी पहले ही पकड़े जा चुके हैं। पुलिस ने बताया कि घटना 11 जनवरी 2023 की थी। ट्रक सीजी 07 डीडबलू 3630, टाटा सफारी सीजी 07 एडी 7300 और कार डटसन एमपी 09 डबलूएफ 2516 की गाड़ियों में मध्य प्रदेश की तरफ से अवैध शराब साल्हेवारा-गंडई मेन रोड होते हुए धमधा की ओर आ रही है। सूचना पर धमधा पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान वाहनों को रुकवाया। तीनों वाहनों से 530 कार्टून में 28,35,500 रुपए की शराब जब्त की गई।

# भाजपा संगठन महामंत्री व सांसद पांडेय से मंडल अध्यक्ष ने की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा



विगत दिनों भाजपा के संगठन महामंत्री पवन साय और सांसद संतोष पांडे के बालोद आगमन पर रेस्ट हाउस और कला केंद्र में भाजपा नेताओं ने मुलाकात की।

इस दौरान भाजपा के जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख और वरिष्ठ नेता यशवंत जैन की मौजूदगी में डौंडी लोहारा की मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा सहित अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दिग्गज नेताओं से मुलाकात की और संगठन की मजबूती के लेकर चर्चा की। लगातार चुनाव में मिली जीत को लेकर संगठन महामंत्री पवन साय ने मंडल अध्यक्ष को इसी तरह एक जुटता के साथ काम करने के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, यशवंत जैन, मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा, डौंडी लोहारा नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, महामंत्री दुष्यंत गिरी गोस्वामी, सोमेंद देशमुख, मंडल उपाध्यक्ष संदीप लोढा, अध्यक्ष जनभागीदारी जसराज शर्मा, कोषाध्यक्ष मोहन निषाद, मंत्री धर्मेंद्र निषाद, पलास गुप्ता, धीरज जैन, पार्षद सूर्य कला, ममता यादव, रेवती कोलियारे, दिलीप बाफना, उत्तम मालेकर, हिरेन्द गायकवाड़, बीरसिंह ठाकुर, प्रणव साहू, पुनीत देशमुख, देव देवांगन, प्रीतम साहू, धन्नू यादव, निखिल शर्मा, लोकेश दुबे, गिरधारी आदि मौजूद रहे।

## सरपंच की बैठक से उठाकर ग्रामीण पहुंचे थाना

# खुटेरी में शराब, गांजे की अवैध बिक्र, ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन





हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद/कलंगपुर

गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम पंचायत खुटेरी अचौद के महिला पुरुष संहित सैकड़ो ग्रामीण जन रविवार को थाना रनचिराई पहुंचा, जहां ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को लिखित ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि ग्राम खुटेरी मे अवैध शराब, गांजा बिक्री जैसे अवैध कारोबार बहुत ही धड़ल्ले से चल रही है ,जिससे गांव की शांति भंग हो रहा है, इन अवैध कारोबारियों पर उचित कार्रवाई नही होने से उनके हौसले बुलंद हो गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व ग्रामीण समिति एवं ग्राम पंचायत के द्वारा निर्णय लिया गया था कि अवैध शराब बेचने एवं खरीदने वालों पर उचित कार्रवाई कर अर्थ दण्ड लिया जायेगा इसके बावजूद गांव मे अवैध कारोबार पर प्रतिबंध नही लगा। यह सब देखते हुए ग्रामीण समिति एवं सरपंच पंच के तत्वावधान मे रविवार को गांव मे बैठक आहूत की गई और बैठक से उठकर ग्रामीण जन सीधा थाना रनचिराई पहुंचा।

जहां खुटेरी के ग्रामीण जनप्रतिनिधि एवं सरपंच ने थाना प्रभारी को अवैध कारोबार पर लिप्त लोगों पर उचित कार्रवाई करने के ज्ञापन सौंपा।

### बस स्टैंड के पीछे शराब व गांजे की अवैध बिक्री

**गुण्डरदेही।** नगर के बस स्टैंड के पीछे इन दिनो अवैध शराब व गांजा का कारोबार दिन–ब–दिन बढ़ता जा रहा है। जिसे रोकने वाला कोई नही है पुलिस थाना होने के बाद भी इस तरह का अवैध काम फल फुल रहा है, इन लोगो के उपर कोई कार्रवाई नही होने से इनके हौसले बुलंद होते जा रहे है। बस स्टैंड के पीछे किसी भी समय मे गांजा व शराब आसानी से मिल जाते है, अवैध काम मे महिलाएं व पुरुष दोनो शामिल रहते है लेकिन इसके बाद भी अब तक कोई कार्रवाई सामने नहीं आई है, नगर मे शराब दुकान होने के कारण अवैध काम करने वालो को बड़ी तादाद मे शराब मिल जाते है और उसे ब्लेक मे बेचकर ज्यादा मुनाफा कमाते है। गांजा को भी पुड़िया बनाकर बेचा जाता है जो आसानी से भी मिल जाते है बस स्टैंड के पीछे यह अवैध काम सालो से चला आ रहा है पर स्थानीय पुलिस को इस बात की भनक नही है और होगा तो पुलिस कार्रवाई करने से पीछे हट रही है।

### सद्गुरू कबीर प्राकट्य महोत्सव कल मनाएंगे

**बालोद।** सद्गुरू कबीरघाट धर्मानुरागी समिति द्वारा सद्गुरू कबीर साहेब प्राकट्य महोत्सव एवं सात्विक यज्ञ चौका आरती का आयोजन 27 मई को सुबह 10 बजे कबीरघाट मोहलाई में किया जाएगा। जिसमें 10 जुलाई को गुरूपूर्णिमा महापर्व महोत्सव मनाया जाएगा। जिसमें महात्मा लेखचंद साहेब अपनी संत मंडली सहित ज्योतिकुंज मुरमुंदा से आयेंगे।

जिसमे संरक्षक डॉ. प्रकाश देवांगन, सुरेश साहू, हीराराम साहू, टोमन लाल साहू, अध्यक्ष युवराम साहू, उपाध्यक्ष धरमदास साहू, सचिव पवन कुमार साहू, कोशाध्यक्ष लोकशरण साहू, सहसचिव निरंजन साहू, तुकेश्वर साहू, उद्घोशक केशुराम साहू, सलाहकार वीपी वर्मा, पुजारी चन्द्रेश साहू, लल्लू राम साहू, यशवंत साहू, नारायण साहू, ई”वर लाल साहू, शिशुपाल साहू, मकसूदन साहू, दानेश्वर साहू, डिलेश्वर साहू, विश्राम साहू, कमलदास साहू, नीलकंठ साहू, गिरधर साहू, वामन साहू, केवल साहू, चन्द्रेश साहू, मनोहर साहू, कृतदास साहू, ताम्रध्वज साहू, डॉ कुले”वर साहू, मनबोध साहू, नुवाराम साहू, रवि साहू, फकीराराम साहू, गुलाब वर्मा, नरबद वर्मा व महिला सदस्य लुमन साहू, कलिन साहू, पोमिन साहू, फगनी साहू, पद्मनी देवांगन, योगिता साहू, लीला साहू, बिसाहीन साहू उपस्थित रहेंगे।

# नवागढ़ और नेवसा सोसायटी में सूखत के नाम पर 84 लाख रुपए की गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला सहकारी केन्दिय बैंक के अधीन आने वाले नवागढ और नेवसा सोसायटी में दो साल के अंदर 84 लाख रूपए से अधिक की गडबडी कर राज्य शासन के खजाने को नुकसान पहुंचाया गया है। बैंक ने इस मामले को लेकर प्रबंधक को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

उल्लेखनीय हैं कि, इन दोनो सोसायटी में प्रबंधक के प्रभार पर रहे कर्मचारी द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड से राशि निकालकर करीब एक करोड 80 लाख रूपए की गडबडी किए जाने पर आरोप पत्र भी जारी किया गया है। वही नवागढ और नेवसा सोसायटी में ही फिर से शार्टेज के नाम पर 84 लाख रूपए की गडबडी किए जाने की जानकारी आई है। शाखा नवागढ़ से सम्बद्ध नवागढ़ एवं नेवसा समिति के प्रभार के दौरान समिति प्रबंधक नरेन्द ठाकुर थे। समिति द्वारा जारी किए गए आरोप पत्र में कहा गया है कि, आपके द्वारा समर्थन मूल्य धान खरीदी का कार्य किया गया है, आपके द्वारा वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 में धान खरीदी कार्य के दौरान समितियों में आवश्यक व्यवस्था नहीं कराया गया, जिसके कारण अत्यधिक शार्टेज हुआ है एवं समितियों को आर्थिक अनुसान पहुंचाया गया है।

## जांच में पुष्टिः नवागढ़ और नेवसा सोसायटी में बारदाने में भी 28 लाख रुपए का घोटाला

### समिति के बैठक में दस्तावेजों की की गई जांच

नवागढ और नेवसा सोसायटी में वर्ष 2019-20 में 30 लाख 3271 रूपए और 2020-21 में दोनो सोसायटी में 54,73,221.84 रु. की अनियमितता मिली है। जबकि शासन उक्त वर्ष में 3 प्रतिशत धान शार्टेज पर छूट भी दिया गया है। उसके बावजूद आपके कार्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता से समिति को आर्थिक क्षति पहुंची है। समिति नवागढ़ में 30 जनवरी 2021 का अवलोकन में वर्ष 2020-21 में क्रय किये गये वस्तु की राशि भुगतान नियम विरुद्ध तरीके से राशि किया गया। वही बैठक 30 जनवरी 2021 के प्रस्ताव कतरी गिट्टी का बिल राशि 13,80,900-रु. धान उकाई 15300-रु. डेडस्टॉक 2.96.000-रु. एवं अन्य मदों में भी अत्यधिक खर्च कर कुल 39,00,183-रु. का बिल भुगतान किया गया है। इसके बाद बैठक 31 अगस्त 2021 की जांच में पता चला कि, धान परिवहन अतिरिक्त हमाली राशि 1 लाख 85175 रुपए एवं बारदाना खरीदी राशि 15 लाख भुगतान किया गया है, जो कि संदेहास्पद है।




### आरोप पत्र जारी

नवागढ और नेवसा समिति प्रबंधक को जांच के बाद आरोप पत्र जारी किया गया है। जवाब मिलने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। **-एसके जोशी,** सीईओ जिला सहकारी बैंक दुर्ग

### नेवसा समिति में भी मिली खामियां

समिति नेवसा के प्रबंधकारिणी की बैठक 22.जुलाई 2021 के प्रस्ताव में किसान राशि 20 लाख 11559 भुगतान नियम प्रक्रिया का पालन किये बगैर किया गया है, जो कि संदेहास्पद है। इसी प्रकार बैठक 15 फरवरी 2022 में कई मदों में अनावश्यक खर्च किया जाना पाया गया। जिससे समिति को वित्तीय हानि हुई है। इस तरह एक ही प्रबंधक द्वारा दोनो समिति में प्रभार के दौरान शार्टेज और बारदाने में 84 लाख से अधिक का चूना राज्य शासन को लगाया गया है। दोनो सोसायटी में सिर्फ बारदाने का ही 28 लाख वसूली निकल रहा हैं।

## खबर संक्षेप



### वार्डों में जल जमाव से बचने हो रही सफाई

**दुर्ग।** वार्ड 46 पद्मनाभपुर क्षेत्र वार्ड में महासफाई अभियान चलाकर नालियों की तले से सफाई कराई गई। अभियान का निरीक्षण कर रहे निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने साथ चल रहे अधिकारियों को वार्ड की छोटी व टूटी नालियों की मरम्मत के लिये प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने स्पष्ट किया कि स्वच्छता महा अभियान को प्राथमिकता दी जा रही है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे नालियों में कचरा न डालें और नगर निगम के स्वच्छता प्रयासों में सहयोग करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर वार्ड में नियमित निरीक्षण करते हुए सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि नए बन रहे सुआ चौक स्थित अटल परिसर का निर्माण पूरा सफाई करवाकर कार्य जल्द चालू किया जाए। इस अवसर पर विवेकानंद सभागार क्षेत्र, सुआ चौक, जनता मार्केट, एमआईजी कालोनी सहित अन्य क्षेत्र के नालियों की तले से सफाई कराई गई। उन्होंने कहा लगातार शहर के हर एक वार्डों में नाले-नालियों की पर सफाई युद्धस्तर पर की जा रही है। यह बारिश से पहले जल जमाव की स्थिति से बचने की तैयारी की जा रही है।

### जयंती पर स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण

**दुर्ग।** अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती 21 से 31 मई तक आयोजित किए जाने का शासन से निर्देश प्राप्त हुआ है। अहिल्या बाई होलकर के जीवन गाथा के बारे में जन जागरूकता लाने स्वच्छता दीदियों के बीच में परिचर्चा आयोजित की गई। इस अवसर पर स्वच्छता दिदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया, जिसमें समस्त स्वच्छता दीदियों का प्रोटीन चेकअप सभी स्वच्छता दिदियों का स्वास्थ्य परीक्षण मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से बैकुण्ठधाम में आयोजित किया गया। जिसमें उनका बीपी, शुगर, अस्थमा, खून जांच, सर्दी, खांसी, घुटना दर्द आदि का ईलाज किया गया। साथ में दर्जनों स्वच्छता दीदियों के जांच के बाद दवा वितरित किया गया। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा दीदीयों का हर माह स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### छात्राओं को बांटे प्रमाण पत्र

**दुर्ग।** शासकीय कन्या शाला मुंगेली की छात्राओं को व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत रिटेल विषय के व शिक्षक मोहम्मद मोहसिन हाशमी की देख रेख में दुकानों में 10 दिवसीय इंटर्नशिप ट्रेनिंग करवाई गई। जिसमें छात्राओं ने व्यवसाय की बारीकियों को जाना।

### बीमारियों से बचाव के लिए प्रारंभिक तैयारी

**भिलाईनगर।** आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई की अध्यक्षता में जिला मलेरिया विभाग, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, शहरी परिवार कल्याण विभाग की एक दिवसीय जल जनित बिमारियों जैसे- उल्टी, दस्त, डायरिया, पीलिया एवं मच्छर जनित रोगो जैसे-डेंगू/मलेरिया से बचाव/रोकथाम के लिए जन समुदाय में व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु संयुक्त बैठक आयोजित की गई।

## तैयारी : हर साल प्रदेश के दस हजार से अधिक युवाओं को मिलेगा रोजगार

# आईटी पार्क के लिए एमओयू की तैयारी नंदिनी एयरपोर्ट का भी होगा कायाकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

**आईटी पार्क के लिए 80 एकड़ जमीन के साथ ही कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र में भवन भी बना हुआ है। इसके साथ ही बिजली और पानी की भी पर्याप्त उपलब्धता है, वही पालिटेक्निक कालेज के पास दस करोड की लागत से बने कामकाजी महिला हास्टल का भी उपयोग किया जाएगा। इसके आलावा दुर्ग में नलघर कांपलेक्स का उपयोग भी कार्यालय के लिए किया जाएगा। पार्क के नींव रखने के लिए भिलाई में आईआईटी होना भी प्लस में रहा, यहां से पार्क को रा-मटेरियल की उपलब्धता भी हो जाएगी।**

पिछले लंबे समय के कयास के बाद जिले को आईटी पार्क की सौगात मिल जाएगी। पार्क के लिए शुरूआती दौर की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। ऐसी संभावना है कि, तीस मई को राज्य शासन द्वारा और दो दर्जन बडी कंपनियों के साथ एमओयू किया जाएगा। जिसमें इजराइल सहित कई बडी कंपनियां शामिल हैं। आईटी पार्क के लिए यह जरूरी हैं कि, इसके आसपास एयरपोर्ट हो, इसके लिए भी बीएसपी के नंदिनी स्थित एयरपोर्ट को शुरू करने की कवायद तेज हो गई हैं।

बहरहाल इंफोसिस टीम द्वारा यहां जल्द ही निरीक्षण कर तकनीकि पहलुओं को मजबूत करेगी। शुरूआत में नगरनिगम के नलघर और कामकाजी हॉस्टल से इसका संचालन किया जाएगा। प्रदेश के दुर्ग में आईटी पार्क के नींव रखने की पहल दुर्ग विधायक गजेन्द्र यादव ने की थी। वे लगातार आईआईटी भिलाई के संपर्क में भी है। उल्लेखनीय हैं कि, प्रदेश का पहला आईटी (इंफरमेंशन टेक्नालाजी) पार्क का तमगा दुर्ग जिले को मिलेगी। इसके लिए पिछले वर्ष दिसंबर माह में ही आईआईटी की अगुवाई में जिला प्रशासन द्वारा पॉलीटेक्निक कॉलेज के पीछे निरिक्षण भी किया था। हाल ही में आईटी पार्क के संचालन के लिए नया बस स्टैंड स्थित नलघर कांम्प्लेक्स में कार्यालय बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है, जिसे एमआईसी ने सहमति भी दे दी हैं। यह पार्क पॉलीटेक्निक कॉलेज के पास 80 एकड़ की जमीन पर बनना है। सूत्रों ने बताया कि, इजराइल सहित कई विदेशी कंपनियों ने भी यहां इन्वेस्ट करने सहमति जताई हैं। आईआईटी भिलाई ने मल्टीनेशनल कंपनी इंफोसिस से भी इस बारे में बात की है और कई अन्य कंपनियां भी इस आईटी पार्क में आ सकती हैं। अब तक 23 कंपनियों के इन्वेस्ट करने की जानकारी मिली है। आईआईटी भिलाई के सहयोग से आईटी पार्क के प्रोजेक्ट को आगे बढाया जा रहा है।

**खास बातें**

- रायपुर या दुर्ग में एमओयू करने की तैयारी
- जल्द पहनाया जाएगा अमलीजामा
- पालीटेक्निक कालेज के पीछे चालीस एकड जमीन पर बनेगा पार्क

### इसी माह के अंत में एमओयू करने की कवायद तेज



दुर्ग। 30 दिसंबर 2023 को आईटी पार्क के लिए किया गया था निरीक्षण।

### सांसद ने केन्द्रीय मंत्री के समक्ष रखा था प्रस्ताव

एस्सपर्ट की माने तो आईटी पार्क के लिए 20 किलोमीटर के दायरे में एक एयरपोर्ट होना चाहिए और नंदिनी एयरपोर्ट को इसके लिए विकसित करने का प्रस्ताव है। नंदिनी एयरपोर्ट को विकसित करके आईटी पार्क के लिए एयरपोर्ट बनाया जा सकता है। विगत दिनों सांसद विजय बघेल ने भी केन्द्रिय मंत्री राम मोहन नायडु से मुलाकात कर इसे फिर से शुरू करने की मांग की थी, जिस पर मंत्री ने आश्वासन दिया था। यह एयरपोर्ट भिलाई स्टील प्लांट के उपयोग के लिए बनाया गया था, जो वर्ष 1998 से बंद हैं।

### जमीन को लेकर चल रही माथापच्ची

विगत तीस दिसंबर 2023 को विधायक गजेन्द्र यादव और आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर राजीव प्रकाश की अगुवाई में मौके का निरिक्षण किया गया था। निरिक्षण के बाद सर्किट हाउस में घंटों चर्चा भी हुई थी। वही पांच जनवरी को भी इंफोसिस के साथ बैठक हुई थी, इसके लिए पानीटेक्निक कालेज के पीछे 80 एकड जमीन की उपयोगिता की प्लानिंग हुई थी। लेकिन जमीन को लेकर अभी तस्वीर साफ नही हुई है। हांलाकि पार्क के लिए वर्तमान में चालीस एकड जमीन को पर्याप्त माना जा रहा है। जिसकी उपलब्ध कालेज के पीछे होना बताया जा रहा है। उसी जमीन को हाउसिंग बोर्ड के नाम किए जाने की चर्चा से मशक्कत बढ गई हैं।

# केन्द्रों में मुख्यालय से ही सामग्री बांटने की अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले के डेढ़ हजार से अधिक आंगनबाडी केन्द्रों में करोडों रूपए की सामग्री बगैर गुणवत्ता जांच के वितरण कर दिया गया है। शुरूआती जांच में जिला कार्यक्रम अधिकारियों की सहमति की बात

- जिले के बडे अधिकारियों ने बगैर जांच के आंगनबाडी

सामने आ रही है। जिले के जिम्मेदारी अधिकारियों की अनुमति के बाद ही परियोजना से सामग्री का वितरण किया गया था। इस मामले को लेकर कलेक्टर ने कहा है कि, जल्द ही जांच रिपोर्ट मंगा ली जाएगी।

इससे पहले केन्द्रों में सामग्री खरीदी के लिए नगद राशि जाती थी। लेकिन वर्तमान में सामग्री वितरण किया जा रहा है, जिसके बाद से गुणवत्ता सही नही मिल रही हैं। कई सामग्रियों जैसे साबुल, फिनाइल, डिजर्जेंट पाउडर, लिक्विड के एक्सपायरी डेथ भी हो गए है। उल्लेखनीय है कि, इस मामले में महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री लक्ष्मी राजवाडे ने कलेक्टर अभिजीत सिंह को जांच के आदेश दिए है। जिले में करीब आठ परियोजना अधिकारियों द्वारा कमीशन के लिए इस तरह के भ्रष्टाचार को अंजाम दिया हैं। जानकारी अनुसार महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई एक और दो, अहिवारा, धमधा, पाटन और कुम्हारी में सामग्री अनाज कोठी, फर्नीचर, बर्तन, सैनिटरी पैड, वज़न मापने की मशीन समेत करोडों रूपए की लागत वाले प्रोडक्ट की सप्लाई की गई है। आंगनबाडी केन्द्रों में जब सामग्री पहुंची तो सहायिका और कार्यकर्ताओं ने घटिया स्तर के सामग्री को लेकर जमकर नाराजगी भी जताई है, जिससे उच्च स्तर से शिकायत के बाद मंत्री ने जांच के आदेश दिए है।

### वितरण के पहले सत्यापन का नियम

आंगनबाडी केन्द्रों में सामग्री वितरण के लिए उद्योग विभाग के अफसर टीम बनाकर जांच करते है। उनके सत्यापन के बाद ही केन्द्रों में सामग्री वितरण किए जाने का नियम है, लेकिन ऐसा नही कर ठेकेदारों के जरिए परियोजना कार्यालय से केन्द्रों में जिला मुख्यालय के अधिकारियों ने सामग्री की सप्लाई कर दी।

### रिपोर्ट मिली नहीं

जिला मुख्यालय के अफसरो के भूमिका की भी जांच हो रही है। जांच टीम बनाए गए है, पूरी रिपोर्ट अभी नही मिली है। **-अभिजीत सिंह,** कलेक्टर दुर्ग

### सफाई व्यवस्था को लेकर नगर निगम उदासीन

**दुर्ग।** शहर में एक तरफ महासफाई अभियान चलाया जा रहा है वही दूसरी ओर मुख्य बाजार इंदिरा मार्केट में मछली मार्केट के सामने ही सड़े गले फल, सब्जी के अपशिष्ट व कचरों का अंबार है। जिसे उठाने में नगर निगम कुछ दिनों से कोताही बरत रही है। कुशल मटियारा भागीरथी मटियारा, भागवत सपहा, पिताम्बर ढीमर, राजू ढीमर, दिलीप कुमार ढीमर, पेन्टर भाई, सादिक भाई, बसंतु ढीमर, जगमोहन ढीमर आदि ने नाराजगी जाहिर की है।

# सच्ची समाज सेविका थी अहिल्या बाई : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

राष्ट्रीय व प्रदेश भाजपा नेतृत्व के आव्हान पर पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में राजेंद्र पार्क दुर्ग में अभियान चलाया गया। इसी

- राजेंद्र पार्क में कार्यक्रम का आयोजन

तारतम्य में भाजपा जिला दुर्ग द्वारा रानी अहिल्या बाई होल्कर की जीवनी पर आधारित एक दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका सांसद विजय बघेल ने फीता काटकर उदघाटन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विजय बघेल, ललित चंद्राकर कैबिनेट




मंत्री दर्जा प्राप्त एवं विधायक दुर्ग ग्रामीण थे। वहीं सुरेन्द्र कौशिक, जिलाध्यक्ष भाजपा, जितेन्द्र वर्मा निवृतमान जिला भाजपा अध्यक्ष, अल्का बाघमार महापौर, जितेंद्र साहू अध्यक्ष तेलघानी बोर्ड, प्रीतपाल बेलचंदन की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। सांसद ने कहा कि, सच्ची समाज सेविका थी। अमर वीरांगना अहिल्या बाई होल्कर। हम उस देश के वासी हैं, जिस देश में गंगा बहती है और गंगा के साथ में समस्ता वीरता पराक्रम कार्य प्रणता अखंडता एकता धर्म की भावना अध्यात्म की भावना ऐसी पुण्य आत्मा की धरती में ऐसी हमारी वीरता की समाधीत है। पुर्व की सरकार ने उन्हें भुला दिया था देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी देश की जनता को समझना वीरता की प्रतीक हमारी माता अहिल्याबाई के चरीत्र को समझने कि जरुरत है ।

# आरटीई : जाली वेरीफिकेशन सर्टिफिकेट की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आरटीई में जाली वेरीफिकेशन सर्टिफिकेट की जांच होगी। भिलाई निगम आयुक्त ने सभी जोन आयुक्तों को उनके क्षेत्रों से जारी वेरीफिकेशन सर्टिफिकेट की सत्यता जांचने के निर्देश दिए हैं। हरिभूमि में प्रकाशित खबर पर संज्ञान लेकर ये निर्देश निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने दिए हैं। आरटीई के जिन बच्चों के पालकों के नाम पर बीपीएल सर्वे सूची का क्रमांक जारी किया है और उन्हे वर्ष 2007-08 के बीपीएल सर्वे सूची से मिलान किया जाएगा। बीपीएल सर्वे सूची जिला प्रशासन के वेबपोर्टल में ऑनलाइन उपलब्ध है। जिन बच्चों के ऐसे मामले हरिभूमि ने अपनी पड़ताल कर प्रकाशित किया है वे सभी भिलाई निगम क्षेत्र के अलग-अलग जोन से जारी हुए हैं। बकायदा इसमें निगम जोन का सील और राजस्व अधिकारी के हस्ताक्षर हैं। ये हस्ताक्षर वास्तव में निगम अधिकारी के हैं या नहीं यह जांच की जाएगी। सील मुहर का इस्तेमाल हुआ है वह कैसे हुआ यह भी पता चलेगा।

### हरिभूमि की प्रकाशित खबर का संज्ञान लेकर दिए निर्देश


आरटीई पोर्टल में तकनीकी सुधार का शिक्षा माफियाओं ने निकाला नया तोड़
आरटीई में नया खेल...निगम का जाली वेरीफिकेशन सर्टिफिकेट जारी कर प्रवेश

### जोन आयुक्तों को निर्देश

वेरीफिकेशन सर्टिफिकेट किसके द्वारा जारी किया गया है इसकी जांच के निर्देश जोन आयुक्तों को हमने दे दिए हैं। जांच से ही स्पष्ट होगा कि सर्टिफिकेट सही है या गलत। उसके बाद आगे की कार्रवाई नियमत: की जा सकेगी। **-राजीव कुमार पांडेय,** निगम आयुक्त भिलाई

### टीएल में आरटीई के दो और बड़े फर्जीवाड़े

दुर्ग जिला आरटीई फर्जीवाड़े का गढ़ बनता जा रहा है। शिक्षा माफिया और विभाग के कतिपय लोगों की मिलीभगत के साथ ही स्कूलों द्वारा भी फर्जीवाड़ा कर सरकार को चूना लगाया गया है। कलेक्टर ने टीएल बैठक में स्कूलों द्वारा यूडाईस में दर्ज संख्या के आधार पर कोटे से ज्यादा बच्चों को प्रवेश देने के मामले में जवाब-तलब किया है। नोडल अधिकारी द्वारा अपात्र किए गए बच्चों को किसी अन्य द्वारा पात्र कर देने के मामले में भी विभाग से जानकारी चाही है।

### जांच से बड़ा रैकेट का होगा पर्दाफाश

निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के जांच करवाने से एक बड़ा रैकेट का पर्दाफाश होगा। दरअसल ये रैकेट शिक्षा माफिया चला रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि इस रैकेट द्वारा रसूखदार बच्चों के पालकों से मोटी रकम का सौदा तय हुआ। नामी गिरामी स्कूलों में फ्री में नर्सरी से आठवीं तक शिक्षा मिलने की आस में रैकेट के जाल में फंस गए। आरटीई पोर्टल में इस बार तकनीकी सुधार के बाद फर्जीवाड़ा का नया तरकीब निकाल ली।

## स्वाभिमान मंच ने शहर में निकाली रैली, लगाए भारतमाता के जयकारे

# ऑपरेशन सिंदूर की खुशी में निकली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

राजेन्द्र पार्क में शनिवार को स्वाभिमान मंच द्वारा आपरेशन सिंदुर की खुशी में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। सभा में संबोधन के बाद मंच ने शहर में तिरंगा यात्री भी निकाली। इसके पहले जवानों और मातृ शक्तियों का सम्मान किया गया। वहीं शहीद फौजियों के परिवारों का भी सम्मान किया गया।

- वीर शहीदों के बलिदान को लेकर सुनाई गाथा

तिरंगा यात्रा के दौरान ईट का जवाब अब पत्थर ही होगा, घर में घुसकर मारेगा अब हिंदुस्तान, भारत माता की जय जैसे नारों से आज दुर्ग का राजेंद्र पार्क गूंज उठा था। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर वीर जवानों और मातृशक्तियों के सम्मान समारोह और दुर्ग जिलाधीश को ज्ञापन सौंपने भी सौंपा गया। राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच के तत्वावधान में शहीद फौजियों के परिवारों और मातृ शक्तियों के सम्मान समारोह में आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत्त फौजी, शहीद सैनिक परिवारों की महिलाएं एवं विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय मातृशक्तियां एवं सामाजिक संगठनों के लोग उपस्थित थे।




### परिजनों का बढ़ाया हौसला

कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथियों के रूप में मंचासीन कुर्मी समाज छत्तीसगढ़ की उपाध्यक्ष लता चंद्राकर, विहिप बजरंग दल के छत्तीसगढ़ प्रांत संयोजक ऋषि मिश्रा, उद्योगपति सुमन कन्नौजे एवं समाजसेवक गंगाधर जाधव ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर द्वीप प्रज्ज्वलित किया। भारत माता का श्रृंगार कर बालिका और फौजियों की वेशभूषा धारण किये बच्चों का तिलक कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ताओं ने भारत माता के जयघोष के साथ ऑपरेशन सिंदूर की आवश्यकता और तरीकों पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित सेवानिवृत सैनिकों और शहीद फौजी परिवारों को शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

### पांच सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

कार्यक्रम के संबोधन के पश्चात एक शौर्य यात्रा के रूप में तिरंगा लिए भारत के जयघोष के यात्रा दुर्ग कलेक्ट्रेट पहुंची। जहाँ पर जिलाधीश के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित एसडीएम को पाँच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के मुख्य बिंदु स्कूल एवं महाविद्यालय में ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता की चर्चा हो, देश के सैनिकों के लिए सम्मान समारोहों का आयोजन हो, केंद्र सरकार और उसके कुशल नेतृत्व की जनसामान्य में व्यापक सकारात्मक चर्चा हो सहित अन्य बिंदु शामिल थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के अलावा हेमलता सिंह , लालेश्वरी साहू, स्वीटी कौशिक, मिथिला खिचड़िया, उपासना साहू, रश्मि राजपूत, ममता राव, राखी विश्वास, प्राजकता देशमुख, पारस जंघेल, सुरेंद्र कौशिक, पुरसोत्तम देवांगन, विधायक ललित चंद्राकर व रिकेश सेन सहित अन्य उपस्थित थे।

# टाउनशिप में बार-बार बिजली गुल होने से लोग परेशान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप में बिजली की समस्या लगातार बढ़ते जा रही है। बिजली की आंख मिचौली से परेशान लोगों ने इसकी शिकायत भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव से की।

शनिवार को वे सेक्टर 5 स्थित विधायक के कार्यालय पहुंचे। बिहार दौरे से लौटने के बाद विधायक देवेंद्र यादव ने लोगों से मुलाकात की। खुर्सीपार के लोगों ने भी अपनी समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। लोगों ने बताया कि उनके क्षेत्र में सीवर लाइन का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए लोगों को मकान तोड़े जा रहे हैं। कई जगह में सीवर लाइन के लिए खुदाई करके छोड़ दिया गया है। इस वजह से क्षेत्र के लोग बहुत परेशान है। इसके अलावा टाउनशिप के लोगों ने बार-बार बिजली गुल होने की जानकारी दी। 12 से 14 घंटे तक लाइट गुल होने से अवगत कराया। इसके अलावा कई सेक्टर के लोगों को बीएसपी नोटिस दे रहा है।

## खबर संक्षेप

### मंदिर का स्थापना दिवस आज



**डोंगरगढ़।** महावीर पारा स्थित शनिदेव मंदिर में शनि शिंगणापुर का स्थापना दिवस कल 26 मई को मनाया जाएगा। मंदिर के पंडित आनंद जगदीश शर्मा ने बताया कि भक्तो के कल्याण के लिए 26 मई को सुबह से शनि रुद्र अभिषेक किया जाएगा। सोमवार को सोमवती अमावस्या वट सावित्री दर्श भावुका अमावस्या शनैशचर जयंती के रुप में महाराष्ट्र में मनाया जाता है।

### दुष्यंत ने जीता गोल्ड मेडल

**डोंगरगढ़।** आन द राइस मार्शल आर्ट संस्था डोंगरगढ़ के दुष्यंत पंद्रे ने कूडो नेशनल चैंपियनशिप कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता पुणे में आयोजित थी। स्पर्धा में सभी स्टेट के कूडो मार्शल आर्टस खिलाड़ी शामिल हुए। कूडो इंटरनेशनल फेडरेशन इंडिया द्वारा आयोजित चैंपियनशिप में 27 राज्यों के 750 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ के 23 खिलाड़ी शामिल हुए। उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचा और स्वर्ण पदक जीत कर राज्य का नाम रोशन किया। वहीं दिल्ली में आयोजित ताइक्वांडो मार्शल आर्ट में संस्था के शौर्य मिश्रा पिता महेश मिश्रा ने रजत पदक हासिल किया। यह खेल स्टेअर्स नेशनल युवा मंत्रालय और खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित की गई थी। इस चैंपियनशिप में राज्य के 35 खिलाड़ी शामिल हुए। संस्था के कोच मुकेश साहू ने दुष्यंत और शौर्य मिश्रा की इस उपलब्धि पर बधाई दी है।



### सरकारी भूमि पर कब्जा करने का आरोप

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत पीपरखारकला की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पर सरकारी घास भूमि पर बेजा कब्जा कर बाउंड्रीवॉल का निर्माण करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने शिकायत किया है। ग्रामीणों ने बताया उन्होंने अवैध रूप से घर भी बना लिया है जबकि पंचायत द्वारा इस स्थान का चयन पानी टंकी के लिए किया था। ग्राम के सरपंच बसंतकुमार, उप सरपंच विश्राम, पंच सुभेलाल, विष्णुराम, लखन, देवकरण, हरिचंद, रामकिशोर, उपकारसिंह, कमलेश वर्मा सहित ग्रामवासियों ने अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार से शिकायत कर अवैध कब्जा हटाने की मांग की है। अनुविभागीय अधिकारी मनोज मरकाम ने बताया कि तहसीलदार को भेज कर जांच कराई जाएगी। बेजा कब्जा होने पर हटाने कार्रवाई की जाएगी।

### छात्रवृत्ति परीक्षा में तृप्ति सफल



**डोंगरगढ़।** राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में मिडिल स्कूल नागतराई की छात्रा तृप्ति लाउत्रे का सफलता हासिल किया है। चयनित छात्रा को कक्षा 9 से 12 वी तक प्रतिवर्ष 12 हजार मिलेंगे। छात्रा ने विज्ञान शिक्षक आशीष विश्वकर्मा के मार्गदशन में सफलता प्राप्त किया है। छात्रा को प्रधानपाठिका हंसा पांडेय, शिक्षक मनहरण वर्मा, अनुराधा साहू एवं संकुल समन्वयक राजेश शर्मा ने बधाई दी है।

### एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर 30 तक

**डोंगरगढ़।** नगर पंचायत लालबहादुर नगर में एक्यूप्रेशर शिविर का आयोजन किया गया है जो आगामी 30 मई तक चलेगा। शिविर में एक्युप्रेशर रिसर्च ट्रेनिंग और ट्रीटमेंट जोधपुर के विशेषज्ञ पुराना सिरदर्द, साईटिका, आंख, कान, नाक, गले, पेट, शुगर, गैस, कमर, जोडो आदि बीमारियों का इलाज एक्युप्रेशर वाईब्रेशन, सुजोक, चिकित्सा के माध्यम से करेंगे।

### तीन दिवसीय उर्स का आयोजन

**डोंगरगढ़।** अराकीन आस्ताना कमेटी रज़ानगर के तत्वावधान में हजरत बाबा अब्दुल गफ्फार षाह रहमतुल्लाह अलैह हजरत बाबा टेकरी वाले मजार में 3 दिवसीय रोज़ा उर्स का आयोजन किया गया। सामाजिकजनों ने चादर पोसी के पूर्व मटका पार्टी के साथ शाही संदल भ्रमण के लिए निकाला। संदल का शहर में विभिन्न जगह स्वागत हुआ।



### मदिराप्रेमी शिक्षकों पर कार्रवाई नहीं

**डोंगरगढ़।** ग्राम तोतलभर्री की प्राथमिक शाला में दो शिक्षकों पर ग्रामीणों ने शराब सेवन कर स्कूल आने, ड्यूटी समय में शराब सेवन करने, बच्चों को अध्यापन नहीं कराने का आरोप लगाते हुए बीईओ से शिकायत किया था। बीईओ ने संकुल प्रभारी ढारा से जांच कराया था जिसमें शिकायत सही पाया गया था। जांच के बाद भी शिक्षकों पर कार्रवाई नहीं हुई है। कार्यालय द्वारा इन शिक्षकों का वेतन भी नियमित निकाला जा रहा है। इन शिक्षकों ने कक्षा 1 ली से 4 तक के बच्चो की अंकसूची नहीं बनाया है।

### धान की सुरक्षा करने में सरकार नाकाम

**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने सरकार पर किसानों का धान खरीदने के बाद उसका रखरखाव करने में नाकाम रहने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि किसानो की मेहनत से तैयार फसल पानी में बरबाद हो गई है जिसका मुख्य कारण समय पर धान का उठाव नहीं होना है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर के नाम पर केवल वाहवाही लुटने का प्रयास किया जा रहा है जबकि जमीनी हकीकत कुछ और है।



### छोटे बच्चों ने किया पौधरोपण

**डोंगरगांव।** नगर के चिल्ड्रन गार्डन प्ले स्कूल में रविवार को मस्ती की पाठशाला का आयोजन किया गया। पाठशाला में शामिल बच्चों ने खुद को प्रकृति से जोड़ते हुए पौधरोपण किया। संस्था के प्रमुख अनिल रूपलानी ने बताया कि गर्मियों की छुट्टियों के दौरान बच्चों में रचनात्मकता विकसित करने और उन्हे खेल खेल में संस्कृति और संस्कार से जोड़ने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। मस्ती की पाठशाला में शामिल सभी बच्चों को आयोजन समिति की सदस्य अंकिता गुप्ता ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।



---

### बस्तर क्षेत्र के झीरम घाटी में हुए नक्सली हमले में शहीदों की 12वीं बरसी

# झीरम घाटी हमले की बरसी पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

25 मई वर्ष 2013 को बस्तर क्षेत्र के झीरम घाटी में हुए नक्सली हमले में शहीदों की 12वीं बरसी के मौके पर राजनांदगांव शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस नेताओं और हमले में शहीद अन्य पुलिस जवानों की शहादत को नमन करते उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

झीरम घाटी में हुए इस नक्सली हमले में राजनांदगांव के पूर्व विधायक उदय मुदलियार और कांग्रेस नेता अलानूर भिंडसरा की भी शहादत हुई थी। इनकी शहादत को नमन करने के लिए कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने शहर के पोस्ट ऑफिस चौक स्थित शहीद उदय मुदलियार और अलानूर भिंडसरा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते उन्हें नमन किया और झीरम घाटी के शहीद अमर रहे के नारे लगाए।



#### आला नेताओं को खोया, पूर्व विधायक भी रहे शामिल

दरभा क्षेत्र के झीरम घाटी हमले में कांग्रेसियों ने अपने आला नेताओं को खोया था। उनकी शहादत को याद करते हुए कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि यह इस हमले में कांग्रेस नेताओं का नरसंहार किया गया। हमले में हमने अपने तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष नंदकुमार पटेल सहित राजनांदगांव के पूर्व विधायक वरिष्ठ नेता उदय मुदलियार को खोया है। कांग्रेस परिवार हमले में सभी शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करती है।

#### नमन करने कांग्रेसी शामिल

शहर के पोस्ट ऑफिस चौक पर आयोजित कांग्रेस के शहीद स्मारक में पूर्व विधायक उदय मुदलियार और अलानूर भिंडसरा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करने कांग्रेस नेता पदम कोठारी, आसिफ अली, अमित चंद्रवंशी, राजा यादव, अभिमन्यु मिश्र सहित अन्य कांग्रेसी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए और अपने वरिष्ठ नेताओं के बताए मार्ग पर चलने के लिए सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

---

## महासभा में सम्मानित हुए जनपद अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरिया

छत्तीसगढ़ डडसेना सिन्हा कलार समाज ने खंड महासभा एवं जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन अभनपुर में किया। मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल थे। अध्यक्षता प्रांताध्यक्ष युवराज सिन्हा ने की। इस मौके पर अतिथियों ने जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, डोंगरगढ़ जनपद अध्यक्ष लता सिन्हा, राजनांदगांव नगर पालिक निगम के पार्षद रवि सिन्हा का सम्मान किया। श्री जायसवाल नेजनप्रतिनिधियों को जनसेवा करने कहा।

### कथा वाचन का समय बदला

**डोंगरगांव।** राष्ट्रीय कथावाचक आचार्य युवराज पाण्डेय द्वारा कोकपुर में श्री शिव महापुराण कथा का वाचन किया जा रहा है जिसका श्रवण करने जन सैलाब उमड़ रहा है। स्व ललित श्रीवास्तव की स्मृति में दीपा श्रीवास्तव ने यह आयोजन किया है। आयोजन के पहले दिन से आसपास गांवों के लोग कथा का श्रवण करने पहुंच रहे हैं। मुख्य यजमान जय लक्ष्मी लक्की श्रीवास्तव ने बताया कि मौसम में बदलाव और भक्तों की बढ़ती संख्या को देखते हुए कथा वाचन के समय में फेरबदल कर दोपहर एक बजे से शाम चार बजे तक कर दिया गया है।



---

## जानकारी के बिना 20 लाख के डस्टबिन की खरीदी




**डोंगरगढ़।** नगर पालिका ने मार्च में लगभग 20 लाख के डस्टबिन खरीदी किया गया है। छग ट्रेडर्स राजनांदगांव से डस्टबिन खरीदने की पुष्टि इंजीनियर भुवन लाल ने करते हुए बताया कि डस्टबिन को धर्मशाला में रखा गया है। खरीदे गए डस्टबीन की जानकारी जनप्रतिनिधि को न जानकारी है और न किसी ने देखा है। चर्चा है कि राजनांदगांव के सप्लायर के नाम से शहर के किसी व्यक्ति ने सप्लाई किया है। खरीदी के 3 माह बाद भी उसका वितरण नहीं किया गया है जिसे लेकर नगर पालिका की कार्य प्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। सीएमओ सीके शर्मा ने बताया कि डस्टबीन खरीदी की जानकारी आई है तो मामले की जानकारी पता लगा ले। सांसद प्रतिनिधि तरूण हत्थेल ने बताया कि इंजीनियर और सीएमओ से सोमवार को चर्चा कर जानकारी दी जाएगी।

## समर कैम्प में निखरी बच्चों की कला और प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

- 10 दिवसीय कैम्प का समापन
- प्रदर्शनी को सभी ने सराहा

पीएमश्री स्व लाल मूरत सिंह खुसरो शासकीय अंग्रेजी- हिंदी माध्यम विद्यालय गंडई में 25 मई को 10 दिवसीय समर कैंप का समापन हुआ। समापन समारोह में नगर के गणमान्य व्यक्ति, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष और दीप प्रज्जवलित कर किया गया। विद्यालय के छात्रों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कक्षा सातवीं के छात्र ऋषभ कुंजाम ने स्वरचित कविता बच्चों की व्यथा का पाठ किया। बच्चों ने जुंबा डांस और योग का शानदार प्रदर्शन किया। वहीं छात्रा आराध्या चौबे ने नृत्य से सबका मन मोह लिया। हाईस्कूल के बच्चों ने नाटक से वाहवाही बटोरी।



#### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सम्मानित

विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को अतिथियों ने प्रमाण पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले बच्चों में प्राइमरी स्कूल के ऐस ताम्रकार, हर्षिता राज ताम्रकार, हीरा पटेल, वैदेही ताम्रकार, अर्पितराज ताम्रकार; मिडिल स्कूल के अनुज यादव, नंदनी पटेल, शिफा मिर्जा, अखिल कुरैशी और हायर सेकेंडरी की अरसीन खान, साहिबा खान, उमेश साहू तथा मेघराज साहू शामिल थे। सभी विधाओं में भाग लेने वाले 103 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिया गया।

#### बच्चों ने सीखा हुनर

10 दिवसीय समर कैंप के दौरान बच्चों को योग, जुंबा, ओरिगेमी कला, कंप्यूटर प्रशिक्षण, फेस मास्क बनाना, थ्रेडिंग, पपेट बनाना, क्ले आर्ट, लीफ एंड पेटल आर्ट, प्राणायाम, पोस्टर मेकिंग, स्टोन आर्ट, बांस शिल्प, बेस्ट सेल्फी प्वाइंट बनाना, वैक्स फ्लावर आर्ट, आर्टिफिशियल ट्री, क्राफ्ट पेपर आर्ट, इलेक्ट्रिक वायरिंग और इलेक्ट्रिक बोर्ड बनाना सीखा। बच्चों को गतिविधियों से अवगत कराने बाहर से विशेषज्ञ बुलाए गए थे। विद्यालय की कल्पना साहू ने बच्चों को ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण दिया।

#### प्रदर्शनी में दिखी प्रतिभा

समापन दिवस पर क्राफ्ट आर्ट, बांस कला, मिट्टी कला, छत्तीसगढ़ी आभूषण और बच्चों के हाथों से तैयार अन्य सामग्रियों की प्रदर्शनी लगाई गई। नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टाकेश्वर शाह खुसरो ने बच्चों के प्रयास की खूब सराहना की। प्राचार्य पवन कुमार ददरया ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों का अच्छे प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रोत्साहित किया। संचालन मनीष दास और स्मिता दास ने किया। इस अवसर पर व्हीएन नागेंद्र, जेएल देवांगन, डीके शर्मा, महेश ठाकुर, व्हीएन रत्नाकर, आरआर शर्मा, ओम प्रकाश निषाद, योगेश्वरी, स्मिता दास, जसबीर सिंह, देवेंद्र वासनिक, रामकुमार केंवट, मनीज दास, स्नेह एक्का, नंदनी जांगड़े, भुनेश्वरी साव, सुरभि उइके, किरण वर्मा, किरण ठाकुर, मुकेश यादव, दुर्गेश सेन, प्रिंकेश कश्यप, निधि चौहान, शुभमसिंह, हेमंतकुमार, ममता सोनी, दिव्या श्रीवास्तव, महिमा गढ़वाल उपस्थित थे। आयोजन में हेमराज और कल्पना ने सहयोग दिया।

---

## मन की बात का किया श्रवण



**छुरिया।** जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनप्रिय मन की बात कार्यक्रम के 122वें एपिसोड का ग्राम बिटाल में श्रवण किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल गैंदाटोला अध्यक्ष खिलेश्वर साहु, जनपद सभापति भेष बाई साहू भी मौजूद थी। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जिन विचारों को साझा किया वह प्रेरणादायक थे। इस अवसर पर खिलेश्वर साहू, भेषबाई साहू, कुमार साय, मंजू गेंदलाल साहू, गेंदलाल साहू, सीता वैष्णव, दीना कुलदीप, बरातु चन्द्रवंशी, महेश यदु, भागवत ठाकुर, लिखन साहू, योग राज साहू, गणेश ठाकुर, सेवती साहू, सीता वैष्णव, झगरीबाई साहू, परमानंद ठाकुर, द्रोणाचार्य साहु, राजू ठावरे आदि मौजूद थे।

## आईक्यूएसी के महत्व से कराया अवगत

- कॉलेज में कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय में कला, वाणिज्य एवं कंप्यूटर विभाग तथा आईसीसी के तत्वावधान में आयोजित 6 दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम में शासकीय महाविद्यालय छुईखदान की प्रभारी प्राचार्य डॉ. जयती विश्वास शामिल हुई।

वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक बेदप्रकाश साहू द्वारा मुख्यवक्ता का स्वागत कर अकादमिक परिचय दिया। डॉ. जयंती विश्वास ने आईक्यूएसी की विस्तृत जानकारी दी। उन्होने बताया कि महाविद्यालय के समस्त अधिकारी व कर्मचारी प्राचार्य के बीच की एक कड़ी है। प्राचार्य संस्था के मुखिया एवं आईक्यूएसी एक संस्था का हृदय माना जाता है। उन्होने इसके 7 क्राईटेरिया के बारे में जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रम से संबंधित पहल करनी चाहिए, टीचिंग एंड रनिंग वैल्यूएशन, शिक्षण अधिगम, नवाचार ,प्रशासनिक सुरक्षा, नैतिक सुरक्षा, बेस्ट प्रैक्टिस,शोध कार्य से संबंधित कार्य करने की प्रक्रिया आईक्यूएसी द्वारा ही किया जाता है। कार्यक्रम में ओपी वर्मा, अविनाश सिंह, डॉ नौशीन अंजुम, तूलिका चक्रवर्ती, अनिमा मिंज, डॉ सपना परिहार, मनीषा भेड़िया, नीलम सिन्हा, अंजलि देवांगन, रोशन साहू, प्रभात बैस, ऋचा अग्रवाल, देवश्री देवांगन, डॉ निर्वेद शर्मा, डॉ गोकुल प्रसाद, रणविजय देवांगन आदि शामिल हुए। संचालन डॉ नीता राजपुत एवं आभार प्रदर्शन नीलम चतुर्वेदानी ने किया।



---

### ग्रामीणों को बताया गया पानी का महत्व

# ग्रामीणों ने ली पानी बचाने की शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

ग्राम जीराटोला, अचानकपुर और गहिराटोला के ग्रामीणों ने पानी बचाने की शपथ लिया। शपथ जनपद सदस्य प्रेमलाल साहू, सरपंच अमरलाल मेरावी, सामाजिक कार्यकर्ता मनोज साहू ने दिलाई। इस अवसर पर पानी के महत्व और संरक्षण पर गहन विचार किया गया। ग्रामीणों को जल बचाने तथा वर्षा जल संचयन के लिए प्रेरित किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि पृथ्वी ने सदैव हमारी रक्षा की है और हमारी हर आवश्यकता को पूरा किया है। जल ही जीवन का आधार है, किन्तु दुर्भाग्यवश मनुष्यों ने इस अमूल्य प्राकृतिक संसाधन का अत्यधिक दोहन किया है और इसे भारी मात्रा में व्यर्थ कर संकट खड़ा कर दिया है। नदियों और महासागरों को प्रदूषित करने के साथ हमने भूमिगत जल स्तर को बिगाड़ दिया है। यह रेखांकित किया गया कि पृथ्वी पर उपलब्ध कुल जल का मात्र 1 प्रतिशत ही ताजे पानी के रूप में मौजूद है।

#### पानी बचाने पर जोर

कार्यक्रम में पानी की बर्बादी के कुछ प्रमुख कारणों पर भी चर्चा हुई, जिसमें नल खुला छोड़ देना, मैदानों और उद्यानों में अनावश्यक पानी का छिड़काव, जल का पुनरुपयोग न करना, नदियों और अन्य जल स्रोतों को प्रदूषित करना, अनियोजित जल प्रबंधन, और वनों की कटाई शामिल है। बताया गया कि हमारे शरीर में 70 प्रतिशत पानी होता है, और यदि पृथ्वी पर पर्याप्त पानी नहीं होगा तो हमारा अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि समय रहते इस समस्या को समझना होगा। पानी के बिना जीवन समाप्त हो जाएगा। ग्रामीणों को सोख्ता गड्ढा बनाने और अधिक से अधिक पौधे लगाने प्रेरित किया गया। इस अवसर पर पंच, महिला, पुरुष, युवा, युवतियां आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

पेज 11 का शेष

### प्रदेश में 53000 पद ...

शासन द्वारा यह पक्ष लाया गया कि प्राथमिक शाला में 2 ही कमरे होते है, यह दावा पूर्णतः गलत है, प्राथमिक शाला में 5 कमरे के साथ 2, 3 अतिरिक्त कक्ष बना हुआ है, जहाँ 1 से 5 तक सभी कक्षा पृथक पृथक बैठाया जाता है, इसीलिए न्यून्तनम छात्र संख्या पर 12 तीन शिक्षक सेटअप में प्रदत्त है। इसके अलावा शासकीय शालाओं में शिक्षकों की तैनाती कम करके शासकीय शाला को कमजोर करते हुए निजी शालाओं को लाभ देने का प्रयास है।शिक्षा विभाग के शिक्षकों से अन्य विभाग के कार्य क्यों कराया जा रहा हैं, वर्ष भर 127 अलग अलग गैर शैक्षणिक कार्य अन्य विभागों के कराये जाते है, शिक्षकों के मूल कार्य शिक्षण से वंचित कर अन्यत्र संलन किया जाता है, इससे ही गुणवत्ता प्रभावित होती है। शिक्षा विभाग द्वारा युक्तियुक्तकरण मामले में यह भ्रम फैलाया जा रहा है की शिक्षा के अधिकार कानून में युक्तियुक्तकरण की व्याख्या में कम शिक्षक है, जबकि शिक्षा विभाग स्वयं के बनाये गए स्वीकृत व संचालित हुए शिक्षा विभाग और शालाओं के सेटअप 2008 के अनुसार पदस्थापना किया है। सर्व शिक्षक मंच छत्तीसगढ़ के बैनर तले प्रदेश के 23 शिक्षक संगठन 28 मई को मंत्रलय का घेराव करेंगे यह खेद का विषय है के पूर्व में जारी युक्तियुक्तकरण के आदेश को अभी जस का तस जारी कर दिया है, जिसमे शिक्षकों का भारी विरोध था, यह गतिरोध का बड़ा कारण है, एक सप्ताह के भीतर शिक्षा विभाग द्वारा युक्तिकरण की प्रक्रिया रद्द नहीं किए जाने पर बड़े व लंबे आंदोलन की तैयारी शिक्षकों द्वारा की गई है।

## खबर संक्षेप

### अंबर ने एनएमएमएसई की परीक्षा की उत्तीर्ण



**डौंडीलोहारा।** सेजेस स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डौंडीलोहारा से अंबर निरोटी पिता वीरेंद्र निरोटी सम्बलपुर ने राष्ट्रीय प्रावीण्यता स्कॉलरशिप परीक्षा उत्तीर्ण किया है। अब आगे की पढ़ाई के लिए 9 वीं से 12 वीं तक शासन से प्रत्येक महीने 1000 रुपए प्रदान किया जाएगा। इस उपलब्धि पर ग्रामवासियों ने बधाई दी है।

### बंधन बैंक के 13 खातों में ऑनलाइन ठगी के लेनदेन

**भिलाई।** अपने बैंक खाते का उपयोग ठगी के लिए दिए जाने के मामले में पुलिस ने शनिवार को कार्रवाई की। बंधन बैंक स्मृतिनगर के 13 खातों में संदिग्ध लेनदेन की खबर है। करीब 1.61 लाख रुपए का लेनदेन हुआ है। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके विरुद्ध धारा 317(2),317(4), 318(4), 61(2) ए बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आरोपियों में प्रेम प्रकाश बांधे उम्र 19 साल निवासी हरिनगर कातुलबोर्ड दुर्ग, फैजल अहमद उम्र 24 साल निवासी रामनगर सुपेला, देवेन्द्र कुमार गुप्ता उम्र 22 वर्ष निवासी वैशाली नगर शामिल है। सायबर फ्राड में ठगी की रकम 52716 रुपए एवं खाता में कुल ट्रांजेक्शन 161084 रुपए होना पाया गया है। उपरोक्त तीनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया। कार्रवाई के दौरान उप पुलिस अधीक्षक शिल्पा साहू, निरीक्षक तापेश्वर सिंह नेताम, उप निरीक्षक नवीन राजपूत, नीलकमल सलामे, राजेन्द्र गिरी मौजूद थे।

### स्वीपर को पांच साल की सजा

**दुर्ग।** जामुल थाना अंतर्गत शहर के एक प्रतिष्ठित स्कूल में 5 साल की बच्ची से गलत काम की कोशिश के मामले में कोर्ट ने आरोपी स्वीपर को 5 साल की सजा सुनाई। उस पर 1 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया। राशि अदा नहीं करने पर आरोपी को 1 साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। न्यायाधीश अनिष दुबे के न्यायालय से यह फैसला आया। प्रकरण के मुताबिक घटना 20 जुलाई 2023 की है। आरोपी पुरानी बस्ती कोहका निवासी सूरज बंजारे (40 वर्ष) स्कूल में स्वीपर का काम करता था। वह बाथरूम की सफाई करता थी। इस दौरान आरोप है कि एलकेजी में पढ़ने वाली 4 साल 8 माह की बच्ची के साथ उसने गलत काम करने की कोशिश की।

## निधन

### राहुल कुमार साहू



**गुरूर।** ग्राम फागुनदाह पुरूर निवासी राहुल कुमार साहू का निधन हो गया है, उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया। वे वि"वनाथ साहू को पोता, दौलत राम साहू व निर्मला बाई साहू के पुत्र, सरपंच ग्राम कन्हारपुरी तेजराम साहू, संतोश कुमार साहू के भांजे थे।

## जयंती

**अहिल्याबाई होलकर के इतिहास और गौरव गाथा को जन-जन तक को पहुंचाने का लिया संकल्प**

# लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर भाजपा ने साफ-सफाई अभियान चलाया





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर में विगत दोनों लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा संगठन द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया।

■ अहिल्याबाई होल्कर एक महान मराठा शासिका थीं

जहां एक ओर स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन हुआ तो वही भाजपाई अहिल्याबाई होलकर के इतिहास से परिचित हुए और जन-जन तक उनकी गाथा को पहुंचाने की बात कही। इस आयोजन के दौरान शीतला मंदिर के पास तालाब की साफ सफाई भी भाजपाइयों द्वारा की गई। इस अवसर पर भाजपा मंडल डौंडीलोहारा की अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने कहा कि लोकमाता मालवा की महारानी अहिल्या बाई होलकर के 300 वी जयंती पर यह आयोजन किया गया।

उन्होंने लोकहित में अनेक मूलभूत सुविधा के कार्य किये। उनके अदम्य साहस और वीरता की गाथा आज भी मालवा क्षेत्र में याद कर उनकी पूजा की जाती है भारतीय संस्कृति को सहेजने वाली धर्मपरायण महिला अहिल्या बाई होलकर को मालवा सहित मध्यक्षेत्र में माता स्वरूप माना जाता है उन्हें क्षेत्र में लोकमाता का दर्जा प्राप्त है तथा उनकी अनेक मंदिर बनवाये तथा उनकी मूर्ति स्थापित है जिसकी पूजा वहां की जनता करती है।

भाजपा के जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने भी कहा कि भारत में कई वीरांगनाओं ने जन्म लिया परंतु भूपटल पर अमिट छाप छोड़ने वाली अहिल्याबाई होल्कर एक महान मराठा शासिका थीं, जिन्होंने 1767 से 1795 तक मालवा क्षेत्र पर शासन किया। वे एक कुशल शासक, कुशल प्रशासक और एक परोपकारी के रूप में जानी जाती हैं। अहिल्याबाई का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के चौडी गांव में हुआ था, और उनका निधन 13 अगस्त 1795 को इंदौर में हुआ।

वे अपने शासनकाल में मालवा क्षेत्र में हजारों कुएं तालाब और बावड़ी बनवाये और जल संचय का कार्य किया ।

### मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया

उन्होंने मुगलों के द्वारा तोड़े गए अनेक मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया और नए मंदिर भी बनवाये। वहीं नारी शिक्षा और किसानों की आय बढ़ाने जैसे अनेक लोकहित के कार्य उन्होंने किये।आयोजन में शामिल भाजपाइयों ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को याद करते हुए कहा कि अहिल्याबाई का जन्म एक किसान परिवार में हुआ था. उनके पिता का नाम मनकोजी शिंदे था, जो अपने गांव के पाटिल थे. 12 वर्ष की उम्र में उनका विवाह मल्हार राव होलकर के पुत्र खंडेराव से हुआ पति की मृत्यु के बाद, अहिल्याबाई विधवा हो गईं और उन्होंने अपने राज्य की देखभाल करना शुरू किया जीवन में उन्होंने इतने संघर्ष किया उनके लिए कहा जा सकता है पुरुषार्थ केवल पुरुष ही नहीं करते नारी भी पुरुषार्थ करने में किसी से कम नहीं। उनकी न्यायप्रियता इतनी थी कि आसपास के राजा भी उनसे सलाह लेने आते थे। उन्होंने अपने पुरुषार्थ से अनेक राजाओं को पराजित किया। पर दुर्भाग्य है कि ऐसी भारतीय वीरांगना को इतिहास से मिटाने का कुकृत्य कार्य यहां के इतिहासकारों ने किया है। जो निंदनीय है ।नारी शक्ति का वास्तविक सुशासन की पुरोधा रही। जिनका पुरा जीवन समाजिक सुधार सुशासन की अवधारणा को धरातल पर साकार करने और संस्कृति पुनर्जागरण के लिए समर्पित रहा । जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा 300 वर्ष बाद पुण्यश्लोक लोक माता अहिल्याबाई होल्कर के बारे में जानने का सौभाग्य मिल रहा है। उनके जीवन की प्रेरणा जन-जन तक पहुंचे इस हेतु कार्यक्रम की रचना हुई है।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, यशवंत जैन, मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा, डौंडी लोहारा नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, महामंत्री दुष्यंत गिरी गोस्वामी सोमेंद देशमुख मंडल उपाध्यक्ष संदीप लोढा अध्यक्ष जनभागीदारी जसराज शर्मा, कोषाध्यक्ष मोहन निषाद मंत्री धर्मेंद्र निषाद पलास गुप्ता धीरज जैन पार्षद सूर्य कला, ममता यादव, रेवती कोलियारे, दिलीप बाफना उत्तम मालेकर हिरेन्द गायकवाड़ बीरसिह ठाकुर प्रणव साहू पुनीत देशमुख देव देवांगन प्रीतम साहू प्रणब साहू धन्नू यादव निखिल शर्मा लोकेश दुबे गिरधारी आदि मौजूद रहे।

## अहिल्याबाई की जयंती पर भाजपा ने की साफ-सफाई

**बालोद/कलंगपुर।** भाजपा मंडल गुण्डरदेही के नेतृत्व मे पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी के 300 वी जन्म जयंती के चल रहे पखवाडे के अवसर पर शनिवार को गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम बोरगहन स्थित प्रसिद्ध मंदिर माँ भरारी पाठ प्रांग और उसके आसपास क्षेत्रें मे स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर भाजपा मंडल भाजपा मण्डल गुंडरदेही के अध्यक्ष युवराज मारकंडे, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य कांति डिलेश्वर सोनेश्वरी, निवृतमान जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, अध्यक्ष जिला सहकारी समिति रजौली तोमेश्वरी साहू, सरपंच ग्राम पंचायत बोरगहन प्रतिमा देशलहरे, निवृतमान सरपंच



गुंडरदेही अध्यक्ष युवराज मारकंडे ने बताया कि अहिल्याबाई होलकर के 300 वी जयंती पर भारतीय जनता पाटएँ लगातार अनेक कार्यक्रम कर उनके इतिहास के बारे में उनके जीवन के बारे में लोगों को बताकर प्रेरित करने का जानकारी देने का काम कर रही है क्योंकि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर हम सबके लिए प्रेरणा है हम सबको उनसे सीख लेनी चाहिए। इस दौरान संतराम चंद्राकर, सरपंच ग्राम पंचायत मासूल पेमीन दीपक साहू, लक्ष्मीकांत साहू, आई टी सेल प्रमुख भाजपा मण्डल गुंडरदेही मोपेन्द्र कुमार साहू, देवनारायण सिन्हा, शिव प्रसाद, पुष्कर चंद्राकर, दुलार ठाकुर, हिमेन्द्र साहू, खुलास साहू, बृजलाल साहू, सरपंच जोरातराई कमल साहू संहित बड़ी संख्या मे भाजपाई गण उपस्थित थे।

# घटनाओं पर फौरन प्रतिक्रिया से बचने से आत्मदर्शी होने की भावना होती है प्रबल

## जैन उपाश्रय में सुयशप्रज्ञाजी का आध्यात्मिक प्रवचनों जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के जैन उपाश्रय प्रांगण के सभागार में रविवार को जैन आचार्य भगवन श्रीरामलालजी मसा की सुशिष्या विदुषी महासती सुयशप्रज्ञा श्रीजी मसा ने अपने आध्यात्मिक प्रवचनों की श्रृंखला के अंतर्गत कहा कि जीवन के अंदर किसी भी स्थिति परिस्थिति व घटनाओं के ऊपर त्वरित रिएक्शन या प्रतिक्रियाएं कर दी जाती है जो स्वाभाविक क्रिया भी है जो अनन्त ही भवों से चली आ रही है ।परन्तु अब हमें प्रतिक्रियाओं से बचना है रिएक्शन लेश बनना है।

■ स्वयं शांत बन जाए तो संसार में शान्ति ही शान्ति रहेगी

अनन्य दर्शी बनना है ।जो अन्य से भिन्न हो वही अनन्य है। आत्मा को छोड़कर सभी चीजें अन्य है वही आत्मा सभी से भिन्न है इसलिए आत्मा अनन्य है ।हमे आत्मदर्शी बनना है अपनी आत्मा में रमण करना तभी सही मायने में रिएक्शन लेश बन सकते हैं ।बाहर के व्यक्ति व बाहर की चीजें सुख देने वाली है यह हमारे अनन्त काल के संस्कार है जो हमारे साथ निरन्तर चलते हुए आ रहे है ।परन्तु बाहर के व्यक्ति व चीजें कभी भी सुख देने वाली नही है ।सच्चा सुख तो आत्मदर्शी बनने में ही है ।आत्मा में रमण करने में ही है ।जीवन के अंदर में क्रिया की प्रतिक्रिया व एक्शन का रिएक्शन तुरंत ही शुरू हो जाता है और यही आत्मा के पतन का कारण बनता है ।महासती जी ने आगे कहा कि योग की प्रवृत्ति जब तक शुरू है तब तक आश्रव है वही अयोग की स्थिति आते ही संवर शुरू हो जाता है ।अशुभ प्रवृत्ति व पाप कार्यों से दूर हटकर भी संवर की स्थिति बनती है परन्तु वह आंशिक संवर कहलाता है पूर्ण संवर की स्थिति तो अयोग की स्थिति में ही होता है ।जीवन के अंदर शुद्धि बढ़ेगी तो अशुद्धि स्वयमेव ही दूर हो जाएगी ।इसलिए रिएक्शन लेश बने ।प्रतिक्रिया से हटने बाहर के संपर्कों से दूर होना पड़ेगा ।आत्मा कभी भी नही बदलती है अपितु शरीर बदलते रहता है ।बाहर के सभी सहयोग बदल जाते हैं परन्तु आत्मा कभी भी नही बदलती ।आत्मा के प्रदेश सदैव एक समान ही रहते हैं। शरीर चाहे छोटा हो या बड़ा वह आत्म प्रदेश सभी मे एक समान रूप में रहता है ।शांत भाव व साक्षी भाव से देखेंगे तो आत्म दर्शन होंगे ।महासती जी ने आगे कहा कि प्रतिक्रिया ही अशांति का कारण है।

### साधन आत्मसाक्षी का बनने का लक्ष्य हो

महासती दीक्षिताश्रीजी मसा ने कहा कि धर्म के क्षेत्र में साधना आराधना के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य अपनी उद्देश्यों से भटक तो नही रहे। किए जा रहे साधना के उद्देश्य की पूर्ति हो रही है कि नही इस बात के चिंतन मनन अवश्य ही करें ।सामायिक की साधना शांति समाधि समभाव आत्म साक्षी व सकारात्मकता के लिए की जाती है ।परन्तु सामायिक की आराधना के बाद इन सब चीजों से दूर है तो कही न कही हमारी साधना आराधना में कमी है ।इस बात का चिंतन अवश्य ही करें ।साधना आराधना करना है इसलिए नही अपितु साधना आराधना जीवन का अभिन्न अंग है व जरूरी है इसलिए करनी चाहिए ।बरसो से साधना आराधना के क्रम निरन्तर ही चल रहे हैं ।पर जिस उद्देश्य की पूर्ति के लिए साधना आराधना की जा रही है उसकी पूर्ति हुई कि नही इस पर चिंतन करना चाहिए ।साधना आराधना के उद्देश्य को जब समझेंगे तब निश्चित ही आगे बढ़ पाएंगें।

### स्वयं को पहचानने का प्रयास करें

स्वयं शांत बन जाए तो शांति ही शांति है। जीवन के अंदर छोटी सी घटना भी बहुत बड़ी प्रतिक्रिया का कारण बन जाती है ।और उसका असर काफी देर तक बना रहता है ।प्रश्न यह कि शांति मिलेगी कहां ।महासती जी ने बताया कि एक क्षण के लिए शांत होकर देखें, आत्मचिंतन करें निरन्तर अभ्यास करें निरन्तर प्रयास करें स्वयं को पहचानने का प्रयास करें निश्चित ही सफलता मिलेगी ।स्वयं के अस्तित्व की पहचान होने से दूसरों की भी पहचान होगी ।अगर स्वयं को जान लिया पहचान लिया तो शांति ही शांति मिलेगी ।जीवन के अंदर छोटी छोटी बातों से बडी बडी गांठे बन जाती है ।वही छोटी छोटी समझदारी से गांठे खुल जाती है ।कर्मो की ग्रंथियों से हमेशा बचकर रहें ।छोटी मोटी घटनाओं पर प्रतिक्रिया न दे ।बाह्य प्रपंचों व प्रतिक्रियाओं से हमने कितने ही अमूल्य जीवन बर्बाद कर दिया है ।अब समझें व जीवन को रिएक्शन लेश बनाने की दिशा में कदम को बढ़ाए ।बदत्तर से बेहतर बनने का प्रयास करें आत्मभाव में रहने के प्रयास करें ।बाहरी घटनाओं में कभी भी न उलझें ।भोजन की थाली भले ही ऊंचा नीचा हो जाए पर प्रयास करे कि हम ऊंचे नीचे न हो ।जीवन के अंदर शब्द रस गंध स्पर्श में अधिक न उलझें बल्कि इससे ऊपर उठने के प्रयास करें तो निश्चित ही शांति व

# पीएमश्री स्कूल में समर कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला सबलपुर में 22 मई से समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कला शिल्प और संस्कृति, कौशल आधारित गतिविधियां,स्पोकन इंग्लिश, खेल और शारीरिक गतिविधियों के लिए अलग अलग विषय विशेषज्ञों के माध्यम से शाला में बच्चों के शैक्षिक, बौद्धिक, मानसिक और शारीरिक विकास के लिए विभिन्न विधाओं के माध्यम से बच्चों की छुपी हुई प्रतिभा कौशल को उकेरने का अवसर दिया जा रहा है।

प्रतिदिन सुबह 7 से 10 बजे तक चारों विधाओं के लिए कक्षा लगाई जा रही है। वाद्ययंत्र के लिए तबालवादक कामेश साहू जो कि खैरागढ़ में प्रशिक्षु हैं इनके द्वारा तबला, ढोलक, कांगो एवं करण तारम जी भी खैरागढ़ में प्रशिक्षु हैं। इनके द्वारा हारमोनियम, बांसुरी वादन के बारीकियों को सिखाया जा रहा है। बच्चों के रुचि को देखते हुए ड्राइंग और पेंटिंग के अंतर्गत स्नेहा जैन के द्वारा स्केचिंग साथ में नृत्य का अभ्यास करवाया जा रहा है। रोशन साहू द्वारा स्पोकन इंग्लिश के माध्यम से बच्चों को दैनिक दिनचर्या के कार्य को सरल शब्दों में बोलने का अभ्यास कराया जा रहा है। कौशल आधारित कार्यशाला के अंतर्गत कोडिंग रोबोटिक्स (बेसिक), बेसिक कंप्यूटर कौशल, उद्यमिता और जीवन कौशल भी सिखाया जा रहा है। सभी उपस्थित बच्चों के लिए स्वल्पाहार की संस्था द्वारा व्यवस्था किया जा रहा है।

### भाजपा शक्ति केंद्र में सुनी गई मन की बात



**गुरूर।** शक्ति केन्द्र कंवर के बूथ क्रमांक 159 में मन की बात भाजपा नेता व कार्यकर्ताओ के साथ आम लोगो ने सुना। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की 122वां मन की बात बूथ क्रमांक 159 में मंडल अध्यक्ष निवास पर सुना। जहां भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकेशवर पाण्डेय, कंचन टुकेशवर पाण्डेय, पूर्व भाजपा मीडिया प्रभारी जागेशवर साहू, पूर्व पंच मोहन हिरवानी सहित नन्हें छोटे बच्चों ने भी प्रधानमंत्री जी की मन की बात को सुना।

### परसुली में ग्रामीणों ने मन की बात सनी



**गुरूर।** ग्राम पंचायत परसुली में मन की बात बूथ के पदाधिकारियो के साथ ग्रामीणो ने व भाजपा कार्यकर्ताओ ने सुना। जिसमे बूथ अध्यक्ष रामकुमार साहू, पूर्व बूथ अध्यक्ष देवीसिंह साहू व भाजपा कार्यकर्ता यशवंत साहू, उबैद साहू, मनोहर साहू, उमेश साहू शामिल हुए थे।

### अप्राकृतिक कृत्य करने वाले को 20 वर्ष की कैद

**दुर्ग।** अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ एफपीएससी अनिष दुबे ने नाबालिग के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने वाले एक युवक को 20 वर्ष सश्रम कारावास व पांच हजार रुपए अर्थदंड दिया है। अभियोजन के अनुसार पीड़ित की मां ने 14 अगस्त 2023 को थाना-मोहन नगर में इस आशय की लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके दो बेटे हैं, बड़ा बेटा 23 साल का है छोटा बेटा 5 साल 10 माह का है। वह और उसका बड़ा बेटा रोजी मजदूरी कर अपना परिवार पालते हैं, उसका छोटा बेटा स्कूल से आने के बाद घर में अकेला रहता है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, एक्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**कार्रवाई के लिए गठित स्पेशल टास्क फोर्स ने लिया था हिरासत में**

# दो और बांग्लादेशी गिरफ्तार, पहचान छिपाकर कर रहे थे निवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिले में लगातार बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान हो रही है। शनिवार को दो और बांग्लादेशी घुसपैठियों को पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने गिरफ्तार कर पूछताछ की, जिससे पता चला कि दो महिलाएं फर्जी और कूटरचित दस्तावेज बनाकर पिछले 8 साल से दुर्ग जिले में निवास कर रहे थे।

आरोपियों के पास से सपना शर्मा एवं रानी पासवान के नाम से फर्जी दस्तावेज मिले हैं। आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज के आधार पर आधार कार्ड, पेन कार्ड, मतदाता परीचय पत्र एवं बैंक पासबुक तक बनवा लिया था। दोनों के विरुद्ध बीएनएस



2023 विदेशी नागरिक विषयक अधिनियम 1986 एवं भारतीय पासपोर्ट अधि. 1967 एवं पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधि. 1920 के कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि शनिवार को खबर मिली कि मोहन नगर थाना अंतर्गत जयंती नगर में दो संदिग्ध बांग्लादेशी महिला अपनी मूल पहचान छिपाते हुए सपना शर्मा एवं रानी पासवान के नाम से रह रही हैं। इसके बाद एसटीएफ की टीम जांच के लिए पहुंची। दोनो महिलाओं के दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। इसके बाद दोनों के बांग्लादेशी होने का खुलासा हुआ। बता दें कि इससे पहले तीन बांग्लादेशी पकड़े जा चुके हैं। इसके अलावा एक रायपुर में पकड़ा गया था। इस प्रकार 6 बांग्लादेशियों की पहचान हो चुकी है।

### नाम बदलकर रह रहे थे, 15 साल पहले लांघी थी सीमा

जांच पता चला कि सपना शर्मा उर्फ सपना मंडल का वास्तविक नाम सनाया नूर है, जो मूलतः जोरहाट जिला दीनाजपुर बाग्लादेश की रहने वाली है। 15 साल पहले भारत-बाग्लादेश सीमा को अवैध रूप से पार कर भारत आई। 8 साल से चंगोराभाठा रायपुर में रह रही है। सनाया नूर ने 2019 में कूटरचना कर फर्जी दस्तावेज तैयार किए। अभय शर्मा नाम के व्यक्ति को अपना पति बताकर फर्जी आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं मतदाता परिचय पत्र तैयार कराया। वह इंटरनेट के माध्यम से बांग्लादेश के कई नंबरों से लगातार संपर्क में थी। इसी प्रकार रानी पासवान उर्फ खुशबू बेगम पिता जेर मोहम्मद निवासी जोबरहाट जिला दिनाजपुर बाग्लादेश भी निवास कर रही थी। उसने उत्तरी दीनाजपुर पश्चिम बंगाल एवं आसनसोल जिला वर्धमान, पश्चिम बंगाल में अलग-अलग जन्म तिथि एवं स्वयं को मूल निवासी होना बताया। जांच में जानकारी फर्जी निकली। बहरहाल दोनों से पूछताछ की जा रही है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
04 जून , 16 अगस्त, 06 सितम्बर, 05 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411